

GANGA®

Acrowools

KNITTING YARN

# TAJ MAHAL

| | |
|---|---|
| नाप | लम्बाई– 25 इंच, चौड़ाई– 15 इंच, बाजू– 19 इंच |
| सामग्री | गंगा की ताज महल ऊन |
| शेड न0 | 24 |
| सलाई न0 | 8(4mm) - 3(Light) व सिलने वाली सुई |
| कुल ऊन | 430 ग्राम |

**पिछला भाग**– 40 फंदे डालकर गहरे हरे रंग की ऊन से 2 फंदे सीधे, 3 फंदे उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके 1 सलाई सीधी, 1 सलाई उल्टी से प्लेन बुनते हुए 19 इंच का पिछला भाग बनाकर 4–3–2 की कंधे की घटाई डालकर 25 इंच का पिछला भाग तैयार कर लें।

**अगला भाग**– 40 फंदे डालकर गहरे हरें रंग की ऊन से 2 फंदे सीधे, 3 फंदे उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके डिज़ाइन शुरू करें। 2 फंदे सीधे, 3 फंदे उल्टे से 10 फंदों का बार्डर बुनकर 5 फंदे उल्टे, 8 फंदे सीधे केवल के बुनकर, 5 फंदे उल्टे बुनकर बाकी फंदे सीधे बुनकर सलाई को पूरा करें। इस प्रकार सलाई को बुनते हुए 19 इंच का अगला भाग बनाकर 4–3–2 की घटाई डालकर 21 इंच पर गले की 4–3–2 की गोल घटाई डालकर 16–16 फंदे कंधे के दोनों साइड रखकर 25 इंच का अगला 1 साइड का भाग तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भी भाग तैयार करके पिछले भाग के साथ कंधों से सिलकर दोनों भाग तैयार कर लें।

**बाजू**– 35 फंदे डालकर 2 फंदे सीधे, 3 फंदे उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके डिज़ाइन शुरू करें। स्वेटर वाले डिज़ाइन से बाजू को बनाते हुए 17 इंच की बाजू को बनाकर 4–3–2 की घटाई डालकर 19 इंच की 1 बाजू को बनाकर इसी प्रकार दूसरी साइड की बाजू को बनाकर फंदों को बंद करके दोनो बाजू को स्वेटर के साथ सिलकर स्वेटर की भी सिलाई कर लें।

**गला**– 80 फंदे उठाकर 2 फंदे सीधे, 3 फंदे उल्टे से 2 इंच का बार्डर बनाकर फंदों को बंद करके गोल गला तैयार कर लें। इस प्रकार आपका स्वेटर तैयार हो जाएगा।